बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए

टीवी में साइबर क्राइम के बारे में देख

सृजन संस्था की ओर से हुआ आयोजन

लोक भारती न्यूज़ ब्यूरो

घाटमपुर। तहसील क्षेत्र की यमुनापट्टी के गांव समुही- भटपुरवा में शुक्रवार को संस्था सृजन की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को साइबर क्राइम के बारे में बताया गया। साथ ही उससे बचने के उपाय भी बताए गए।

सृजन और क्किक हील फाउंडेशन के विशेष सहयोग से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग दी गई। बताया गया कि आज इंटरनेट का बहुत ज्यादा उपयोग है। इससे बहुत से फायदे हैं, लेकिन उसके साथ-साथ थोड़ी सी चूक में लोगों को लाखों का चूना लग जाता है। इन्हीं विषयों पर आज ज़ूम एप के माध्यम से जुड़कर सुगंधा मैम ने बच्चों को बताया की साइबर सुरक्षा के जरिए हम कैसे बच सकते हैं। बच्चों ने भी मैम से काफी सवाल पूछे। इस दौरान बच्चों को इंटरनेट से जुड़े प्रयोग में सावधानी रखने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका तिवारी और विद्यालय स्टाफ के साथ सृजन संस्था से ओम प्रजापति मौजूद रहे।